**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।**

## प्रेस नोट

**दिनांक- 10.05.2025**

**विषय:- आनलाइन जुआ खेलाने वाले 02 नफर शातिर अभियुक्तगण गिरफ्तार व दो अदद एण्ड्रायड मोबाइल व माल फड 1250/- रूपया बरामद**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देश पर श्रीमान् अपर पुलिस आयुक्त अपराध व श्रीमान् अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था एवं मुख्यालय महोदय द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान् पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय व श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय के पर्यवेक्षण व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक चौक कमिश्नरेट वाराणसी श्री विमल कुमार मिश्रा की टीम द्वारा दिनांक 09.05.2025 को मुखबिर खास की सूचना पर चौखम्भा के पास हनुमान बक्श गोस्वामी ट्रस्ट नामक दुकान पर आनलाइन जुआ खेलने व खेलाने वाले अभियुक्तगण अमित शर्मा पुत्र स्व0 मुरारी लाल शर्मा, निवासी सी.के 5/31, गोला गली, थाना चौक, वाराणसी,उम्र करीब 46 वर्ष व शशिकान्त गुप्ता पुत्र स्व0 अवध बिहारी प्रसाद, निवासी सी के 58/29, रेशम कटरा, थाना चौक, वाराणसी उम्र करीब 55 वर्ष को दिनांक 09.05.2025 समय 18.10 बजे को गिरफ्तार किया गया तथा उसके पास से माल फड 1250/- रूपया व 02 अदद एण्ड्रायड मोबाइल फोन बरामद किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण** –

दिनांक 09.05.2025 को मुखबिर खास की सूचना थी कि दो व्यक्ति चौखम्भा के पास हनुमान बक्श गोस्वामी ट्रस्ट नामक दुकान पर आनलाइन व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर आनलाइन जुआ खेल व खेला रहा है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विमल कुमार मिश्र थाना चौक की पुलिस टीम मौके पर पहुँची तो उक्त स्थान पर 02 व्यक्ति मोबाइल लिये खड़े थे पुलिस बल को देखकर मोबाइल कुछ दूरी पर फेक दिया तथा भागने की कोशिश करने लगा, पुलिस बल द्वारा पकड़कर पूछताछ की गयी तो बताया कि हम अपने मोबाइल में भाग्यलक्ष्मी नाम का ग्रुप बनाकर जुआ खेलवाते है, जो लोग ग्रुप में जुड़कर अपने-अपने मोबाइल से नम्बर बताते है यदि आनलाइन वह नम्बर निकल गया तो वे जीत जाते है। पकड़े गये अभियुक्तगण के पास से 2 अदद मोबाइल एण्ड्रायड मोबाइल व माल फड के 1250/- रूपये बरामद किया गया है। फर्द बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान** –

दिनांक 09.05.2025 समय 18.10 बजे स्थान चौखम्भा के पास हनुमान बक्श गोस्वामी ट्रस्ट नामक दुकान पर थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी ।

**बरामदगी का विवरणः-**

- 2 अदद मोबाइल
- माल फड के 1250/- रूपया बरामद।

**नाम व पता अभियुक्तगणः-**

**1.** अमित शर्मा पुत्र स्व0 मुरारी लाल शर्मा, निवासी सी.के 5/31, गोला गली, थाना चौक, वाराणसी,उम्र करीब 46 वर्ष, 2. शशिकान्त गुप्ता पुत्र स्व0 अवध बिहारी प्रसाद, निवासी सी के 58/29, रेशम कटरा, थाना चौक, वाराणसी उम्र करीब 55 वर्ष।

**अपराध का विवरणः-**

1. मु0अ0सं0-51/2025 धारा 13 जुआ अधिनियम थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

**पूछताछ विवरणः-** पकड़े गये व्यक्तियों से पूछताछ किया गया तो बताये कि मेरा नाम व्यक्ति अमित शर्मा पुत्र स्व0 मुरारी लाल शर्मा, निवासी सी.के 5/31, गोला गली, थाना चौक, वाराणसी,उम्र करीब 46 वर्ष व शशिकान्त गुप्ता पुत्र स्व0 अवध बिहारी प्रसाद, निवासी सी के 58/29, रेशम कटरा, थाना चौक, वाराणसी उम्र करीब 55 वर्ष है। हम अपने मोबाइल में भाग्यलक्ष्मी नाम का ग्रुप का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर जुआ खेलते व खेलवाते है। जो लोग ग्रुप में जुड़कर अपने-अपने मोबाइल से नम्बर बताते है यदि आनलाइन वह नम्बर निकल गया तो वे जीत जाते है। मेरे पास से जो भी रुपये बरामद हुए है वह जुए में जीते हुए रुपये है।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण -**

01.प्रभारी निरीक्षक श्री विमल कुमार मिश्रा थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

02. उ0नि0 श्री वैभव कुमार शुक्ला थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

03.प्रशि0उ0नि0 श्री मनीष सिंह थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

04. का0 चन्दन कुमार पाण्डेय थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

05.का0 आनन्द कुमार थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी।**